आज दिनांक 26.05.2025 को प्रातः 11 बजे नगर पालिका परिषद सरधना के सभागार में श्रीमती सबीला बेगम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरधना की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें निम्नवत् उपस्थिति रही–

| | | |
|---|---|---|
| | **श्रीमती सबीला बेगम,** | **अध्यक्ष,** |
| 1 | श्रीमती अंजली | सदस्य, |
| 2 | श्रीमती कविता | सदस्य, |
| 3 | श्री मुकेश | सदस्य, |
| 4 | श्रीमती तनिका जैन | सदस्य, |
| 5 | श्रीमती शगुफ्ता | सदस्य, |
| 6 | श्री संजय कुमार | सदस्य, |
| 7 | श्री शानू जैन | सदस्य, |
| 8 | श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली | सदस्य, |
| 9 | श्री राहुल | सदस्य, |
| 10 | श्री शकील | सदस्य, |
| 11 | श्रीमती दानिश्ता | सदस्य, |
| 12 | श्री शहजाद | सदस्य, |
| 13 | श्री शाहिद | सदस्य, |
| 14 | श्रीमती शमीना | सदस्य, |
| 15 | श्री मोहम्मद खालिद | सदस्य, |
| 16 | श्रीमती फिरदौस | सदस्य, |
| 17 | श्री फरमान | सदस्य, |
| 18 | श्री सलीम | सदस्य, |
| 19 | श्री मन्नान | सदस्य, |
| 20 | श्री आशीष त्यागी | सदस्य, |
| 21 | श्री तारिक हसन | सदस्य, |
| 22 | श्री इमरान | सदस्य, |

सर्वप्रथम नव कार्यभार ग्रहण करने अधिशासी अधिकारी श्रीमती दीपिका शुक्ला द्वारा सदन को अपना परिचय देते हुए सदन में उपस्थित सदस्यों का परिचय लेने उपरान्त श्रीमती वसीला उर्फ वशीला सदस्य वार्ड 15 का स्वर्गवास दिनांक 23.05.2025 को हो जाने पर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए सदन में 2 मिनट का मौन रखने उपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी बोर्ड बैठक की कार्यवाही में सदस्यों द्वारा एजेण्डा बिन्दु मुख्यतः मेला बूढा बाबू 2025 के आयोजन पर अन्य एजेण्डा बिन्दुओं को छोड़ते हुए चर्चा प्रारम्भ की गयी, जिसमें अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार सदन में अधिशासी अधिकारी द्वारा मेला बूढा बाबू 2024–25 में आय–व्यय के सापेक्ष व्यय अधिक होने के कारण व गत वित्तीय वर्ष 2023–24 की सम्परीक्षा में सम्परीक्षक महोदय द्वारा वर्ष 2024 में अंकन 14,54,533 रू0 का परिहार्य व्यय की टिप्पणी अंकित करते हुए आय के सापेक्ष अधिक व्यय होने से घाटे का बजट पास किया जाना वित्तीय नियमों की दृष्टि से उचित नहीं है सदन को अवगत कराया गया। सदन से मेला बूढा बाबू में आय–व्यय समतुल्य हो इसके लिए वर्ष 2010 में आयोजित मेला बूढा बाबू आयोजकों के माध्यम से कराये गये कार्यक्रमों के आधार पर वर्तमान में मेले में कार्यक्रम आयोजकों के माध्यम से कराने हेतु सदन के समक्ष सुझाव रखा गया तथा सदन को अवगत कराया गया कि इस वर्ष अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सरधना व्यापार मण्डल रजिस्टर्ड मेरठ द्वारा व मैजिक शौ श्री सुशील कुमार प्रबंधक के0के0 पब्लिक स्कूल, सरधना द्वारा व एक शाम शहीदों के नाम, सरधना सामाजिक विकास सेवा समिति द्वारा व खाटू श्याम कार्यक्रम राष्ट्रीय व्यापार मण्डल, सरधना द्वारा व लोकल गंगा जमुनी कवि सम्मेलन/मुशायरा कार्यक्रम धर्म पर्यावरण समिति, सरधना द्वारा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चिम उ0 प्र0 संयुक्त व्यापार मण्डल, सरधना द्वारा कराने हेतु कहा गया है, जिस पर सदन में आयोजकों द्वारा बोर्ड के सदस्यों का उचित सम्मान नहीं होगा की चर्चा करते हुए गत वर्ष की भांति ही मेला बूढा बाबू पालिका द्वारा अपनी निधि से कराने हेतु चर्चा की गयी किन्तु इस पर आम सहमति न बनने से सदस्यों द्वारा हंगामा करते हुए सदन की कार्यवाही से वॉक–आउट करने व मेला बूढा बाबू 2025 के आयोजन पर किसी भी प्रकार की कोई आम सहमति न बनने के कारण अध्यक्ष महोदय द्वारा बोर्ड की समस्त कार्यवाही स्थगित करते हुए बैठक को समाप्त कर दिया गया।

Shakila B

**अध्यक्ष,**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)